# NOTE FOR JUSTIFICATION FOR FOREST LAND

परियोजना का नामः— मा0 मुख्यमंत्री घोषणा में राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद चमोली में कर्णप्रयाग—नौटी—पैठाणी राज्य मार्ग 34 से मालई तक मोटर मार्ग के नव निर्माण हेतु 0.420 हे0 सिविल वन भूमि, एवं मक डिस्पोजल हेतु 0.030 हे0 कुल भूमि 0.450 हे0 सिविल वन भूमि का लो0नि0वि0 को हस्तान्तरण प्रस्ताव।

यह मोटर मार्ग आदिबद्री—नौटी मोटर मार्ग के कि0मी0 39.00 से प्रारम्भ होकर मालई गॉव तक जाता हैं। मार्ग के निर्माण से ग्रामवासियों को यातायात की सुविधा होगी वर्तमान में गांव की महिलाए पानी लकडी, चारा आदि लाने दूर जाती है मार्ग निर्माण के पश्चात उनका बहुमूल्य समय बचेगा साथ ही वे अपने घर और बच्चों को अधिक समय दें पाऐंगी। गॉव में चिकित्सालय तथा विद्यालय खुलने के ओर नए अवसर मिलेंगें। ग्रामवासी अपने उत्पादित फल, सब्जी, अनाज, आदि को बाजार तक बिना किसी कठिनाई के ले जा पायेंगे। साथ ही गाव विकास की ओर अग्रसर होगा तथा स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगें।

**समरेखण—1** यह मोटर मार्ग आदिबद्री—नौटी मोटर मार्ग के कि0मी0 39.00 से प्रारम्भ होकर मालई गॉव तक 1.625 कि0मी0 की लम्बाई में निर्माण कार्य किया जाना प्रस्तावति है। इस समरेखण पर क्षेत्रिय जनता की सहमति हैं तथा भू—गर्भ वेता द्वारा भी समरेखण को मार्ग निर्माण हेतु उपयुक्त पाया गया है। इस समरेखण में हेयरपिन बैण्ड कि सं0 3 है तथा 92वृक्ष प्रभावित होते हैं।

**समरेखण—2** यह मोटर मार्ग आदिबद्री—नौटी मोटर मार्ग के कि0मी0 39.00 से प्रारम्भ होकर मालई गॉव तक 2.00 कि0मी0 की लम्बाई में निर्माण कार्य किया जाना प्रस्तावति है। इस समरेखण से क्षेत्रिय जानता भी सहमत नहीं हैं एवं भू—गर्भ वेता द्वारा मार्ग निर्माण हेतु अनुपयुक्त पाया गया हैं। इस समरेखण में हेयरपिन बैण्ड कि सं0 3है तथा 125 वृक्ष प्रभावित होते हैं।

उपरोक्त दोनों समरेखण के अतिरिक्त अन्य कोई वैकल्पिक समरेखण उपलब्ध नहीं हैं। अतः मार्ग निर्माण हेतु संमरेखण न0—1 उपर्युक्त हैं।

| | |
|---|---|
| सहायक अभियन्ता<br>अस्थाई खण्ड,लो0नि0वि0<br>गौचर (चमोली) | अधिशासी अभियन्ता<br>अस्थाई खण्ड,लो0नि0वि0<br>गौचर (चमोली) |